# लोगों को खूब भा रहा है राजभवन उद्यान

## दो दिनों में 12,813 लोग दीदार करने पहुंचे राजभवन

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** राजभवन के उद्यान को दो दिनों में 12 हजार 813 लोगों ने दीदार किया। बुधवार को 9344 लोग ने राजभवन उद्यान की खूबसूरती देखने पहुंचे। लोगों ने फूलों की सुंदरता का आनंद उठाया। मंगलवार को 3469 लोगों ने राजभवन उद्यान की दीदीर किया था। इस बार करीब 400 किस्म के गुलाब उद्यान में लगे हैं। साथ ही 17 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। राजभवन घूमने आये आम लोगों ने कहा कि इस बार राजभवन उद्यान और भी ज्यादा खूबसूरत दिख रहा है। राजभवन में प्रवेश करने से पहले सुरक्षा की दृष्टिकोण सभी की जांच की गयी। इस बार एमआइजी 21 विमान को राजभवन के उद्यान में प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा राजभवन उद्यान में लगा चरखा हमारी पुरानी संस्कृति की याद दिलाता है। आजादी के समय युद्ध में उपयोग हुए तोप भी राजभवन उद्यान घूमने आये आम लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा लोग झूले, फाउंटेन, झरना और फलदार वृक्ष और औषधीय पेड़-पौधे के साथ मोबाईल से सेल्फी और तस्वीर लेते देखे गये। उल्लेखनीय है कि राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए छह फरवरी से 12 फरवरी तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट नंबर 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जायेगा।



## खबर एक नजर में

### ताज ग्रुप के होटल के लिए होगा जल्द होगा एमओयू

**रांची।** ताज ग्रुप का रांची में 200 कमरे का विश्वस्तरीय होटल बनने जा रहा है। राज्य सरकार ने इसके लिए नयी विधानसभा स्थित एचईसी के समीप कोर कैपिटेल के साइट वन में 6 एकड़ भूमि 60 वर्षों के लीज पर इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड को आवंटित किया है। लीज अवधि पूरी होने के बाद 30 वर्ष का बाद में विस्तार भी दिया जायेगा। नगर विकास विभाग ने टाटा ग्रुप की मेसर्स आइएचएसीएल को यह भूमि कुछ शर्तों के साथ दी है। अधिकारियों ने बताया कि मेसर्स आइएचएसएल द्वरा लीज पर प्राप्त भूमि के एवज में होटल एवं परिसर में विकसित किये गये रिटेल एंड वाणिज्यक एरिया से प्राप्त होनेवाली कुल आय की 3.10 प्रतिशत राशि झारखंड सरकार को लीज रेंट के रूप में प्रदान करनी होगी। इस संबंध में जल्द ही झारखंड सरकार कंपनी से एमओयू भी साइन करेगी। हालांकि संबंधित होटल के लिए निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की तिथि से चार वर्ष की निर्माण अवधि तक किराया मुक्त होगी। संबंधित निर्माण और संचालन की सुविधा नगर विकास उपलबध करायेगा। बिजली, पानी इत्यादि की भी सुविधा नगर विकास विभाग ही देगा। बताते चलें कि इस होटल के बनने से रांची में हाई क्लास का एक होटल मिल जायेगा। सरकारी समारोह, सेमिनार इत्यादि भी इसमें हो सकेगे। जीआरडीए की देखरेख में इसका कामकाज होगा।

### यूनियन एएमसी ने रांची में शाखा कार्यालय खोला

**रांची।** पूर्वी क्षेत्र में विस्तार योजना के अंतर्गत यूनियन एएमसी ने रांची में एक शाखा कार्यालय खोला। इसका उदघाटन सीईओ प्रदीप कुमार, रीजनल सेल्स ऑफ हेड नवीन शर्मा तथा नंद किशोर प्रसाद ने किया। यूनियन एएमसी ने पूर्वी क्षेत्र में भी तेजी से प्रगति की है। झारखंड में यूनियन एएमसी के पास 2018 में जहां 4,972 फोलियो हुआ करते थे। वहीं 2023 में 15,956 फोलियो जुड़ गए। झारखंड में यूनियन एएमसी का एयूएम 2018 के रु 44 करोड़ से बढ़कर 2023 में रु 262 करोड़ हो गया। उदघाटन समारोह में यूनियन एएमसी के सीईओ प्रदीप कुमार ने कहा कि रांची शहर में अपना कार्यालय आरंभ करते हुये हम बहुत उत्साहित हैं। बीते सालों में यहां निवेशकों की तादाद में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। बाजार के उतार-चढ़ाव की चिंता किये बगैर निवेश करते रहने के लिये हम ग्राहकों को एसआईपी के माध्यम से निवेश करने को प्रोत्साहित करते हैं। अगले एक दशक में भारत दमदार दर से प्रगति करेगा।

### मैट्रिक और इंटर परीक्षा के दौरान मिड डे मील को लेकर ये आदेश जारी

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू हो गई है। कई स्कूलों में परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। वहां मिड डे मील संचालित होता है। परीक्षा के दौरान इसके संचालन को लेकर शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह ने 6 फरवरी को आदेश जारी किया है। आदेश में सचिव ने कहा है कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा इस माह 6 फरवरी से 26 फरवरी, 2024 तक निर्धारित है। इस संबंध में कतिपय जिला से परीक्षा आयोजित होनेवाले तिथि को विद्यालयों में मध्याहन भोजन संचालन रहने के संबंध में दूरभाष से मार्गदर्शन की मांग की जा रही है। सचिव ने कहा कि इस बाबत पूर्व में निर्देश निर्गत किया जा चुका है। उक्त पत्र में यह स्पष्ट किया गया था कि वैसे उत्क्रमित उच्च/मध्य विद्यालय जिनमें परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है, उन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्रा के लिए परीक्षा के दिन निकटतम विद्यालयों में मध्याहन भोजन की व्यवस्था की जाय। इसी के आलोक में इस वर्ष भी आयोजित होनेवाले मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा के लिए उपर्युक्त निर्देश का अनुपालन सुनिश्ति किया जाये।

### मार्केटिंग बोर्ड को झटका, हाइकोर्ट ने बढ़ा किराया लेने पर लगायी रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से मार्केटिंग बोर्ड को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने किराया बढ़ोत्तरी पर स्टे लगा दिया है और चार हफ्ते के भीतर जबाव देने को हा गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बाजार प्रतिनिधि और रिट पीटिशन डालनेवाले संतोष सिंह ने बताया कि उनके अधिवक्ता बीपी सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट ने पंडरा बाजार समिति द्वारा किराये में की गयी बढ़ोत्तरी पर फिलाहल रोक लगा दिया है। उन्होंने बताया कि बाजार समिति की ओर से बीते वर्ष सितंबर में किराये में बढ़ोत्तरी की गयी थी। दुकान और गोदान का किराया 5 रुपये प्रति वर्गफीट से बढ़ाकर 11 रुपये कर दिया गया था। इसे राज्य के व्यापारियों ने ठाकुर ट्रेडिंग कंपनी की ओर से बाजार समिति द्वारा किराये में की गयी बढ़ोत्तरी को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्टमें हुई और कोर्ट ने इस पर स्टे लगा दिया। इस संबंध में पंडरा बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने बताया कि कोर्ट के निणर्य पर बोर्ड और बोर्ड के अधिवक्ता के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### डीएवी हेहल में पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित

रांची। बुधवार को हेहल डीएवी पब्लिक स्कूल के बहुद्देश्यीय सभागार में पॉक्सो अधिनियम की जानकारी एवं जागरूकता के लिये सेमिनार का आयोजन अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिये किया गया। इसमें विशेषज्ञ सलाहकार के रूप में डॉ राजेश कुमार, प्रकृति सिन्हा, संगम कुमार, अभिनय प्रीत एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमके सिन्हा शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागतगान के साथ हुई। सभी सलाहकारों ने पॉक्सो अधिनियम एवं बाल मनोविज्ञान के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला।मेडिकल एवं कानूनी प्रावधान क्या हैं। विद्यालय में इसको लेकर क्या व्यवस्था है आदि कई सारे पहलुओं पर विस्तृत परिचर्चा हुई । एमके सिन्हा ने कहा कि बच्चों को बोल्ड एवं और कॉन्फिडेंट बनाने एवं उनमें आत्मविश्वास भरने की जरूरत है।उन्होंने यह भी कहा कि आज एकाकी परिवारिक व्यवस्था के कारण बच्चे घर के बड़े बुजुर्गों के साथ सानिध्य स्थापित नहीं कर पाते।

## जेएसएससी-सीजीएल अभ्यर्थियों पर दर्ज प्राथमिकी निरस्त करे सरकार : आजसू



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने मुख्यमंत्री सचिवालय को ज्ञापन सौंपा। जिनमें आयोग के कार्यालय के समक्ष आंदोलनरत हजारों अभ्यर्थियों पर दर्ज प्राथमिकी को आजसू ने निरस्त करने की मांग की है। मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि पेपर लीक करने के दोषी को दंडित किया जाये। 28 जनवरी की परीक्षा में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को बतौर मुआवजा 2000 रुपये प्रति अभ्यर्थी दिया जाये। इस दौरान अभिषेक शुक्ला, मनजीत कुमार, रोशन कुमार नायक, आकाश नयन, राहुल कुमार, प्रियांशु शर्मा, अभिषेक साहू, विशाल कुमार यादव, मनोज कुमार, गुलशन कुमार, निशांत कुमार गोस्वामी,अनमोल कुमार, सौरभ राणा, विकी शर्मा आदि मौजूद थे। आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पेपर लीक करने के दोषी को दंडित करने की प्राथमिकता के उलट अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज करना निंदनीय है। जब तक दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई नहीं हो जाती, आजसू आंदोलनरत रहेगा।

# भाजपा की सोच भारत में लोकतंत्र को समाप्त करना : सुप्रियो भट्टाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने लोकसभा और राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बार 400 पार की बातों को लेकर बड़ा हमला किया है। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश अब लोकसभा चुनाव की ओर तेजी से बढ़ चला है। वर्तमान में संसद सत्र चल रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा और अब राज्यसभा में अबकी बार, 400 के पार की बात कही है। मजे की बात यह है कि देश अभी जिस दौर से गुजर रहा है। यह किसी से छिपी नहीं है। चारो ओर संघर्ष ही संघर्ष नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह बयान एक बड़ी सोच और साजिश की ओर बहुत कुछ इशारा कर रहा है। वह सोच है भारत में लोकतंत्र को समाप्त करना। इसकी पुष्टि खुद भारत के सर्वोच्चय न्यायालय ने चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर कर दी है। बड़ी अदालत ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है, हम चुप नहीं रह सकते हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट है कि लोकतंत्र का हत्यारा कौन है। निश्ति तौर पर भाजपा है। न्यायालय ने जिस प्रसंग में वो बातें कही वो मेयर चुनाव के पीठासीन पदाधिकारी और वर्तमान पार्षद के बारे में कही है। ये बातें करीब 2023 से चल रही है। लोकतंत्र की हत्या महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और ताजा-ताजा झारखंड में हुई। उन्होंने कहा कि चिंता की बात नहीं है। झारखंड और पड़ोसी बिहार में भाजपा एक अंक में सिमट जाएगी। बंगाल में पीएम सपना देखते रहे। वहां भी ऐसा ही हश्र होगा। सुप्रियो भट्टाचार्य गुरुवार को पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।



### आज की स्थिति आपातकाल से भी भयावह

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आज की स्थिति आपातकाल से भी भयावह है। आज सबसे डरावना काम केंद्रीय जांच एजेसियां कर रही है। उस समय तो इतना मीडिया नहीं था और जो भी मीडिया था, वह लोगों को आंदोलनकारी बताता था। अब जो मीडिया है वह आंदोलनकारी को भ्रष्टाचारी बताता है। कहीं कोई आधार नहीं होता है , मगर मीडिया ट्रायल पहले हो जाता है और जो आधार है, जिस पर चार्टशीट है, वह न केवल विधानसभा में बैठता है, लोकसभा और राज्यसभा में बैठता है, मंत्री, उपमुख्यमंत्री बन जाता है। केवल और केवल गांरटी होना चाहिए कि वह भाजपा का हो। भाजपा में नहीं है तो वह भ्रष्टाचारी है, वह देशद्रोही है, वह पाकिस्तानी है। क्योंकि अब तो यह विधानसभा में बोला गया। उच्चत्तम न्यायालय जो इस बात को कह रहा हैं, उनको सोचना चाहिए कि यहां अदालत को बचाना है या नहीं। यदि अदालत को बचाना है तो लोकतंत्र को बचाना होगा।

# नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों को दी गयी सीपीआर की ट्रेनिंग



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में शहर के नामी हस्पताल आर्किड के विशेषज्ञों ने प्रार्थना सभा में सभी बच्चों को आपातकालीन परिस्थिति में किसी को दिल का दौरा पर तत्काल दी जाने वाली सीपीआर की विधि बताई गई। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा हो और उसे सी पी आर दे दिया जाए तो उस व्यक्ति के जीवन की रक्षा करना सरल हो सकता है। तदुपरांत आर्किड की ही आहार विशेषज्ञ सरोज श्रीवास्तव ने बोर्ड के परीक्षार्थियों की सभा में कहा कि वे परीक्षा की तैयारी के दौरान स्वास्थ्य का समुचित ध्यान रखें। इसके लिए अवश्यक है कि वे उचित भोजन एवं पर्याप्त नींद लें । इससे उनकी तैयारी में उन्हें सहायता मिलेगी। अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों ने कहा कि इस सेशन से उन्हें बहुत लाभ प्राप्त हुआ है।इससे उनके तनाव को दूर करने का तरीका उन्हें मिल गया है।

इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इस तरह के छात्रोपयोगी कार्यक्रम विद्यालय सदा से ही करता आ रहा है और इसे आगे बढ़ाते हुए अगली बार इस सेशन का आयोजन अभिभावकों के लिए भी करने की कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारी और क्रियान्वयन की पूरी जिम्मेदारी विद्यालय की वरीय शिक्षिका तनुश्री चक्रवर्ती ने थी।

# राहुल गांधी ने जातीय सर्वेक्षण करने एवं आरक्षण बढ़ाने का दिया आश्वासन : राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। न्याय यात्रा के 23वें दिन कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे थे। उनके रांची पहुंचने पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता अपने समर्थकों के साथ इरबा में उनका स्वागत करते हुए कहा राष्ट्रीय पटल पर ओबीसी का आरक्षण 50% करने की वकालत के लिए आभार व्यक्त किया। श्री गुप्ता द्वारा राहुल गांधी को एक मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें उनसे आग्रह किया गया है कि आप ओबीसी की हिस्सेदारी की वकालत करते रहे हैं। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लम्बे समय से जनसंख्या अनुपात में ओबीसी की 52% हिस्सेदारी के लिए संघर्षरत है। आज जब राज्य में सहयोगी पार्टियों के साथ सरकार में कांग्रेस भी शामिल है। ऐसे में आपके थोड़े से सहयोग मात्र से ₹राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा₹ की चिर-प्रतीक्षित मांग पुरी हो सकती है। राहुल गांधी जी ने ओबीसी समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेडी से मुलाकात कराते हुए तेलंगाना में जातीय सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया गया है उससे अवगत कराया और बताया कि वहां ओबीसी का हक दिया जा रहा है झारखंड में भी अधिकार मिलेंगे। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी जी के पास जातीय सर्वेक्षण करने, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय का गठन करने और लंबित ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने की मांग की है।

धुर्वा रांची में हुई सभा में उन्होंने इसी मुद्दे को लेकर कहा की यदि इंडिया सत्ता में आती है तो ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने के लिए 50% का जो कैप है उसे इण्डिया गठबंधन समाप्त करेगी। श्री गुप्ता ने प्रदेश में घोषित बोर्ड निगम में ओबीसी समुदाय का प्रतिनिधित्व सुनने के बराबर सिस्टम में भी उचित प्रतिनिधित्व के लिए पहल करने और छत्तीसगढ़ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी के द्वारा संगठनों में ओबीसी को उचित प्रतिनिधित्व देने के बाद कई गई थी उसे झारखंड में कार्य रूप देने के भी मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के महासचिव डॉ शिवानंद काशी ने मांग किया कि राज्य स्तर पर ओबीसी सेल का गठन किया जाए जिससे ओबीसी वर्ग के सरकारी पदाधिकारी,कर्मचारियों को प्रताड़ित करने पर न्याय मिले और दोषियों को सख्त सजा दिलाया जा सके।

राष्ट्रीय ओबीसी छात्र मोर्चा में कमलेश चौधरी जेएसएससी एग्जाम में हुई धांधली और 4000 छात्रों पर किए गए केस उठाने की मांग की। राहुल जी से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के महासचिव डॉक्टर शिवानंद काशी, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका कुमारी, छात्र मोर्चा संयोजक कमलेश चौधरी, प्रदेश सचिव अजय मेहता, वसीम अकरम, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रसाद साहू महासचिव प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, जयराम ठाकुर, ऋषभ राज आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर दिल्ली रवाना

# पार्टी कोटे के मंत्रियों के नाम पर लगेगी मुहर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही चर्चा के बीच झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार की दोपहर दिल्ली रवाना हो गये। कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की लिस्ट जल्द ही जारी होने की संभावना है। पार्टी की ओर से 6 नामों पर चर्चा चल रही है। सूचना के अनुसार झारखंड प्रदेश प्रभारी पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिल कर मंत्रियों के नाम पर चर्चा करेंगे। उसके बाद ही उस पर मुहर लगेगी।



**मंत्री पद के प्रबल दावेदार :** मंत्रिपरिषद में शामिल होने के लिए पार्टी के विधायक हर हथकंडा अपनाने में लगे हुए हैं। पार्टी की ओर से मंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदार पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, सिमडेगा विधायक भूषण बारा, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनुप सिंह, महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह हैं। इन 6 दावेदारों में से तीन नामों पर मुहर लगनी है।

**तीन मंत्रियों को बदलने के मूड में कांग्रेस :** काफी लंबे समय से कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को बदलने की बात सामने आ रही थी। अब यह बदलाव देखने को मिल सकता है। जिन मंत्रियों का पद जा सकता है उनमें वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख शामिल है। इस बार पिछले चार साल से खाली पड़ा 12वां मंत्री पद पर भी कांग्रेस अपने कोटे से भर सकती है।

**नयी सरकार में सोरेन परिवार होगा शामिल :** वर्तमान समय में चंपाई सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार में सोरेन परिवार का कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं है। मंत्रिपरिषद के गठन के दौरान सोरेन परिवार का कोई एक सदस्य शामिल होगा। जिसमें जामा विधायक सीता सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन में से किसी एक को मंत्री या उपमुख्यमंत्री बनना है। इसके साथ ही जेएमएम के सबसे करीबी गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को मंत्री बनाने को लेकर चर्चा चल रही है।

### सरकार में होंगे दो डिप्टी सीएम

वर्तमान सरकार दो डिप्टी सीएम के साथ काम करेगी। पहले ही यह तय था कि अगर सरकार का चेहरा बदलता है, तो कांग्रेस डिप्टी सीएम की मांग करेगी। चंपाई सोरेन के सीएम बनने के बाद सोरेन परिवार और कांग्रेस से डिप्टी सीएम चुना जायेगा। उपमुख्यमंत्री को लेकर सोरेन परिवार में देवर-भाभी की लड़ाई हैं। जिसमें सीता सोरेन और बसंत सोरेन के बीच रेस जारी है। वहीं कांग्रेस की ओर से आलमगीर आलम को डिप्टी सीएम का दावेदार माना जा रहा है।

# सिमडेगा से रांची आ रही बस में मां-बेटी से 20 किलो गांजा बरामद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खूंटी में पुलिस ने गांजा तस्करी के अंतराज्यीय गिरोह का पदार्फाश कर तस्करी में लिप्त मां-बेटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से बीस किलो गांजा सहित अन्य सामान बरामद किया है। मूलरूप से सिमडेगा की रहनेवाली मां-बेटी करीब तीन साल से पंजाब में रहती हैं। सिमडेगा से पंजाब जाने के क्रम में गांजा की तस्करी भी करती हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सिमडेगा जिला के जलडेगा थाना क्षेत्र स्थित गंगुटोली निवासी गीता देवी और उसकी बेटी पिंकी कुमारी के नाम शामिल हैं। वर्तमान में मां-बेटी पंजाब के करतारपुर में रहती हैं। 10 अलग-अलग पैकेटों में 20 किलो गांजा, दो मोबाइल और पासबुक पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार को सूचना मिली थी कि सिमडेगा से तोरपा के रास्ते रांची जा रही मंत्री बस (जेएच 01 इएफ 8997) में दो महिला भारी मात्रा में अवैध गांजा की लेकर कहीं जा रही हैं। सूचना पर तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कुल्डा जंगल के समीप मंत्री बस को रोक कर तलाशी ली। इसी क्रम में मां-बेटी के पास से दो बैग से बीस किग्रा गांजा बरामद किया गया। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि महिला पंजाब में वर्षों से रह रही है। जो सिमडेगा एवं उड़ीसा के गांजा तस्करों से सस्ती कीमत पर खरीद कर पंजाब के तस्करों को बेचती है। महिला के साथ अन्य लोगों के होने की संभावना है। पुलिस को बरामद मोबाइल में भी कई लोगों के नंबर मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है।

### आरपीएफ हटिया ने ट्रेन से 39 किलो गांजा किया बरामद



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल में आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त इंचार्ज पवन कुमार के निर्देश पर शराब और गांजा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान आरपीएफ पोस्ट हटिया और आरपीएफ की फ्लाइंग टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जम्मूतवी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18309) के हटिया स्टेशन पहुंचने पर छापेमारी की। इस दौरान ट्रेन की बोगी में तीन ट्रॉली संदेहास्पद अवस्था में पाया। जब उसे खोलकर देखा गया तो उसके अंदर करीब 39 किलो गांजा मिला। जिसका अनुमानित मूल्य तीन लाख नब्बे हजार आंकी गयी है। तत्काल मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ रांची को दी गयी। सहायक सुरक्षा आयुक्त अशोक कुमार सिंह ने ट्रेन से बरामद गांजा को जब्त कर तमाम कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद उसे राजकीय रेल पुलिस हटिया को सौंप दिया।

